मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय : बेनीतो हुआरेज़ मार्ग : नई दिल्ली–110021

दिनांक : 22.01.2016

कार्यालय आदेश

दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त पत्र क्रमांक आरओ/2016/आर–3963 दिनांक जनवरी 21, 2016 जिसमें महाविद्यालय में सुरक्षा की दृष्टि से ज्यादा चौकसी बरतने की बात कही गयी है। इस संबंध में महाविद्यालय के सभी सुरक्षा कर्मियों एवं चौकीदारों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में किसी भी बाहरी विद्यार्थी एवं व्यक्ति/आगन्तुक के लिए प्रवेश प्रतिबंधित है। यदि किसी अन्य महाविद्यालय का विद्यार्थी या कोई व्यक्ति/आगन्तुक इस महाविद्यालय में प्रवेश करना चाहता है तो उसका पूर्ण विवरण एवं प्रवेश करने का कारण आगन्तुक रजिस्टर में अवश्य दर्ज करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रवेश भी बगैर पहचान–पत्र एवम् फीस रसीद के न हो।

महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों से भी अनुरोध है कि वे अपने साथ किसी बाहरी छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश न करवायें, अगर ऐसा पाया गया तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाय।

प्राचार्य

प्रतिलिपि:

1. सभी चौकीदार एवम् सुरक्षाकर्मी।
2. अध्यक्ष, छात्र संघ, मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय
3. कॉलेज वेबसाइट
4. छात्र/छात्रा सूचना पट्ट।